प्रेस विज्ञप्ति – सिंहस्थ कुम्भ महापर्व 2016, उज्जैन

सादर प्रकाशनार्थ -

उज्जैन 19 अप्रैल। प्रभु प्रेमी संघ शिविर में आज द्वार पूजन के साथ पूज्य जूनापीठाधीश्वर आचार्यमहामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी, पूज्या महामण्डलेश्वर स्वामी नैसर्गिका गिरि जी, शिविर प्रवेश का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

प्रभु प्रेमी संघ शिविर, उज्जैन में आज के कार्यक्रम की जानकारी संलग्न है -

प्रभु प्रेमी संघ शिविर, उज्जैन में आज प्रातः कालीन सत्र में सिंहस्थ कुम्भ केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष आदरणीय माखनसिंह जी जूनापीठाधीश्वर आचार्यमहामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्दगिरि जी महाराज के दर्शनार्थ पहुचें | उन्होंने पूज्य स्वामी जी से कुम्भ की तैयारियों के सन्दर्भ में औपचारिक विचार विमर्श किया |

2. अपरान्ह में प्रभु प्रेमी संघ शिविर के द्वार पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ | जिसमे पूज्य आचर्य श्री के साथ परमार्थ निकेतन के संस्थापकाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द जी व पूर्व मंत्री और पूर्व नेता प्रतिपक्ष मध्य प्रदेश श्री अजय सिंह राहुल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे |

कल के कार्यक्रम -

प्रभु प्रेमी संघ शिविर उज्जैन के कार्यालय का उद्घाटन कल दिनांक 20 अप्रैल को पदमभूषण निवृत्त शंकराचार्य महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज, परम पूज्य कार्ष्णिनी पीठाधीश्वर स्वामी गुरु शरणानन्द जी महाराज व पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य ने सम्पन्न हुआ । इसके साथ मंच का शुभारम्भ, वैदिक यज्ञ, अभिषेक-पूजन आदि प्रारम्भ हो जायेगा । इस आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में माननीय श्री माखन सिंह जी, अध्यक्ष, सिंहस्थ कुम्भ केन्द्रीय समिति होंगे । संध्याकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज के संयोजन में सम्पन्न होंगे ।